हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

13 दो दिनों की झमाझम बारिश से खेत लबालब...



14 एसडीओपी ने छात्रों को दी कानून की जानकारी








## खबर संक्षेप

### अभनपुर विधायक साहू मैनपाट के लिए रवाना

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 7 से 9 जुलाई तक सरगुजा जिले के पर्यटन स्थल मैनपाट में किया गया है। इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू रवाना हो गए है। भाजपा के इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को संगठन की विचारधारा, नीति-निर्माण की प्रक्रिया और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन देना है। प्रशिक्षण में वरिष्ठ नेताओं के अनुभवों, वक्तव्यों एवं संवाद के माध्यम से प्रतिनिधियों को सशक्त और जागरूक बनाने पर विशेष जोर रहेगा। इस दौरान विधायक इंद्रकुमार साहू 9 जुलाई तक अपने विधानसभा क्षेत्र में उपस्थित नहीं रहेंगे। वे 10 जुलाई से पुनः अभनपुर क्षेत्र में जनसेवा के लिए उपस्थित रहेंगे।



### शराब पिलाने की सुविधा देने पर महिला पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रही एक महिला के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद वीरेंद्र नगर वार्ड नंबर 02 सरायपाली में लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रही पूर्णिमा सहिस पति रामप्रसाद सहिस (28 वर्ष) के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### मारपीट के आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** दुकान के अंदर घुसकर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जीवनराखन बघेल निवासी वार्ड क्र 09 शिलापडेरा बागबाहरा ने बताया कि 7 जुलाई को सुबह नौ बजे निशा खान की दुकान में साफ सफाई कर रहा था, उसी समय अर्जुन और विनोद एवं उसके एक अन्य साथी दुकान अंदर में आए और डिस्पोजल गिलास, पानी पाऊच मांगा, इस पर उसने कहा कि कमरे में सामान है उसमें ताला लगा है और चाबी मेरे पास नहीं है। इस बात पर तीनों ने आक्रोशित होकर डंडे एवं वहां पर रखे पौवा शीशी से मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 332(सी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक से 30 हजार का डीजल चोरी

**महासमुंद।** ट्रक से डीजल चोरी के मामले में सरायपाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि दौलतराम अग्रवाल के ट्रक की टंकी से किसी अज्ञात व्यक्ति ने करीब 300 लीटर डीजल कीमत 30000 रुपए की चोरी कर ली। पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि 28 जून की शाम 6 बजे उसका ड्रायवर रंजित ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएम 5772 को उसकी दुकान बंसल आटो पार्टस बैतारी के सामने एनएच 53 रोड में खड़ा कर खाना खाकर ट्रक में ही सो गया था। अगले दिन 29 जून की सुबह सुबह 4 बजे ड्रायवर सोकर उठा व देखा कि ट्रक के डीजल टंकी में लगा ताला टूटा हुआ था।

## दो दिन के बारिश से नदी, नाला, खेत, खलिहान लबालब







**राजिम।** पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के चलते क्षेत्र के नदी नाला, खेत, खलिहान लबालब हो गया है। नदी में जलस्तर बढ़ा है वही खेतो में मेड़ के ऊपर से पानी की धार चल रही है। चारो तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। हालांकि राजिम महानदी में उस तरह का ऊफान नहीं है। अलबत्ता नदी के बीच भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव के मंदिर तक पानी की धार आने को दिख रहा है।

### बारिश : नाले में लबालब पानी, रात भर चारपाई पर जान जोखिम में डालकर बिताई

# मूसलाधार बारिश से ग्रामीण के आशियाने में घुसा पानी, रात भर जागने मजबूर हुए पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी-नाले उफान पर हैं और गांवों की गलियों में नदी जैसी स्थिति बन गई है। इसी क्रम में सोमवार रात जनपद पंचायत फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत लोहरसी में दीनाराम साहू के घर में अचानक पानी घुस गया, जिससे खाद्य सामग्री और अन्य सामानों को भारी नुकसान हुआ। यह स्थिति इसलिए निर्मित हुई क्योंकि गांव के पानी और खेतों के पानी को बहाने वाला एक नाला बेहद दयनीय स्थिति में है। इस नाले को लेकर कुछ दिन पहले ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन भी किया था, जिस पर उन्हें आश्वासन मिला था कि बारिश से पहले इसका निर्माण करा दिया जाएगा। हालांकि, यह आश्वासन सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहा और ग्रामीण अब पानी से जूझ रहे हैं। पीड़ित परिवार के मुखिया दीनाराम साहू ने बताया कि वे रात में खाना खाकर सो गए थे, तभी अचानक उनकी नींद खुली और उन्होंने देखा कि घर में पूरी तरह पानी भर चुका था। उन्होंने आनन-फानन में परिवार के सभी सदस्यों और अपने बेटों को उठाया। बाहर जाकर देखा तो नाले में लबालब पानी बह रहा था। उन्होंने रात भर चारपाई पर जान जोखिम में डालकर समय गुजारा। सुबह ▶▶| शेष पेज 12 पर







### तत्काल कार्रवाई और ग्रामीणों का आक्रोश

खबर मिलने के बाद पंचायत ने तत्काल जेसीबी बुलवाकर नाले को साफ कराया और पूर्व में बनाए गए मुरूम के वैकल्पिक मार्ग को उखाड़ फेंका, जिसके बाद पानी नदी की ओर निकलने लगा। हालांकि, अधिक बारिश होने पर आसपास के निचले स्तर के घरों में पानी घुसने का डर अभी भी बना हुआ है।यह वही मार्ग है जिससे स्कूली बच्चे स्कूल जाते हैं और किसान अपने खेतों तक पहुंचते हैं। ऐसी महत्वपूर्ण जगह पर विकास कार्य विफल होता दिख रहा है। हरिभूमि समाचार द्वारा खबर लिखे जाने के दो घंटे बाद, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सीईओ स्वप्निल ध्रुव मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार व ग्रामीणों का हाल जाना। इस दौरान ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला और वे पुल बनाने की मांग पर अड़े रहे।

## झमाझम बारिश से पैरी नदी का एप्रोच मार्ग बहा कई गांवों का संपर्क टूटा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से रूक रूक कर हो रही झमाझम बारिश से अब नदी नालो में पानी चलने लगा है। देहारगुड़ा खामभाठा जाने वाले मार्ग पैरी नदी में निर्माण किए गए एप्रोच मार्ग आज रात भारी बारिश से टूट कर बह गया जिससे गांव का सम्पर्क टूट गया। इस नदी में जल स्तर बढ़ने के कारण आज गांव का आवगमन पूरी तरह बंद रहा। ज्ञात हो कि तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 05 किलो मीटर दूर देहारगुड़ा और खामभाठा जाने वाला मार्ग में करोड़ो रूपये की लागत से लोक निर्माण विभाग सेतु निगम द्वारा बड़े पुल का निर्माण किया जा रहा है लेकिन निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। इस पुल के बगल से एप्रोच मार्ग नदी में पाइप डाल कर बनाया गया था जो पहली ही बारिश से बह गया जिससे इस खामभाठा और इस मार्ग में गांव अचानपुर का सम्पर्क टूट गया है। खामभाठा अचानपुर के बच्चे पढ़ाई करने देहारगुड़ा आते हैं लेकिन एप्रोच मार्ग बह जाने से अब बच्चों को स्कूल पहुंचने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। वहीं लोगो को गांव तक खाद, बीज, राशन समाग्री ले जाने में भारी परेशानी होगी। ग्रामीण लोकेश साण्डे, बुधराम मरकाम, सेतराम, हितराम, देवी सिंह, किर्तन, कुंजबिहारी, घनश्याम, रोहन, पूर्व सरपंच देवन नेताम, डिगेश्वरी साण्डे, नील कुमारी, पीला बाई, बासमोतिन ने बताया ▶▶| शेष पेज 12 पर



## आवारा पशु फसलों को कर रहे चट, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



आसपास क्षेत्र के गांवों में बड़ी तादाद में आवारा पशुओं की संख्या में इजाफा होने से किसानों की फसलों को नुक़सान हो रहा है जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। आवारा पशुओं को खेतों में घुसने से रोकने के लिए किसानों को दिन रात पहरा देना पड़ रहा है। कई किसान ऐसे हैं कि खुद के मवेशी को खुला छोड़ दिया है, और मवेशी को अपने घर पर लाकर रखना और उसकी देखरेख करना खुद मवेशी मालिक का काम होता है। वहीं पूर्व प्रदेश सरकार के द्वारा चलाये जा रहें रेका छेका योजना के तहत गाठोनो को संचालित नहीं किये जाने से किसानों में आक्रोश पनप रहा है। विदित हो कि बारिश के साथ ही कृषि कार्य भी प्रारंभ हो गया है तथा धान की फसल बियासी लायक हो गई है, किन्तु मवेशी मालिकों के द्वारा मवेशियों को खुले छोड़ दिया गया है। मवेशी दिन भर खेतों में चरने के पश्चात रात्रि में सड़क या बाजार सेट आकर बैठ जाते हैं, ग्राम रसेला निवासी देवलाल बारिक, वेदव्यास निषाद, बिग्रेद्र ठाकुर, रमेश सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार को सत्ता संभाले 19 माह बीत चुके हैं, लेकिन इन 19 महिनों में प्रदेश ने विकास की दिशा में प्रगति से अधिक गिरावट का अनुभव किया है।

**सड़कों पर गौमाताएं दुर्घटनाओं का हो रही शिकार-** पूर्व की भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई नरवा, गूरूवा, बारी योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा गौठान योजना है। जिसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुधन संरक्षण का आधार स्तंभ कहा गया था। आज भाजपा सरकार की बेरुखी के कारण बर्बादी के कगार पर है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय हर ग्राम पंचायत में एक गौठान का निर्माण किया गया था। जहां आवारा मवेशियों को सुरक्षा देखभाल ▶▶| शेष पेज 12 पर

## श्री राधाकृष्ण मंदिर में हर सोमवार होगा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण

### तीसरे सोमवार को होगा सहस्त्रजलधाराभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्रावण मास में सोमवार से पार्थिक शिवलिंग के निर्माण आयोजन को विधिवत रूप से करने के लिए व्यवस्था संचालन के लिए रविवार को एक बैठक रखी गई जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे विशेष रूप से श्री राधाकृष्ण मंदिर के सर्वराकर मोहन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, बजरंग गोयल, मनमोहन अग्रवाल, गोविंद, मोहन अग्रवाल, ओम सारडा, राजकुमार कंसारी, अजय अग्रवाल, प्रताप छाबड़ा, संदीप गोयल, पप्पू गुप्ता, पन्ना साहू, चंदू कंसारी, अनिल अग्रवाल, रवि अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल मौजूद थे। सर्वराकार मोहन अग्रवाल ने बताया कि ददा जी शिष्य मंडल द्वारा प्रत्येक सोमवार भंडारा का आयोजन किया जाता है। 28 जुलाई तीसरे सोमवार को सहस्त्रजलधारा का विशेष आयोजन होगा जिसमें शहर के हजारों लोग ▶▶| शेष पेज 12 पर



### स्थानीय आवक कम, गोभी से लेकर धनिया पत्ती तक सब महंगा

# फुटू 12 सौ और बोड़ा 1 हजार रुपए किलो, सब्जियों के दाम बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम के बाज़ारों में बारिश के मौसम की खास और बेहद पसंद की जाने वाली सबज़ियां, फुटु और बोड़ा, आ गई हैं। इन सबज़ियों का आगमन बाज़ार में एक अलग ही रौनक ले आया है। वहीं, खेखसी का इंतज़ार लोग बेसब्री से कर रहे हैं। ये तीनों सबज़ियां ख़ास तौर पर बारिश के समय ही मिलती हैं। राजिम में इस समय फुटु 1200 रुपये प्रति किलो और बोड़ा 1000 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। ये सबज़ियां फिलहाल केवल दो दुकानों पर ही मिल रही हैं, जहां इन्हें खरीदने वालों की भीड़ लगी हुई है। जब एक सब्जी विक्रेता युवती से इन सब्जयों के ऊँचे दामों के बारे में पूछा गया, तो उसने बताया कि ये जहां से आती हैं, वहीं से महंगी मिलती हैं और वह इसमें सिर्फ़ 50-100 रुपये का ही मुनाफ़ा कमा पाती है। पिछले कई सालों से इन दोनों सबज़ियों के दाम ऊँचे ही बने हुए हैं। लोग अक्सर यह सोचकर इन्हें खरीदते हैं कि ये साल में एक-दो बार ही खाने को मिलती हैं, इसलिए वे कीमत की परवाह नहीं करते। इसी तरह, खेखसी का भी लोग बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं, जो शुरुआत में महंगी होने के बावजूद खूब बिकती है।

**स्थानीय सब्जियों का इंतजार-** फिलहाल, बरसाती सीजन होने के कारण स्थानीय सब्जियों की आवक बाजार में कम है। ज़्यादातर सबज़ियां बाहर से आ रही हैं, जिनमें गोभी, सेमी, करेला, कोचई, मुनगा, ढेस, टमाटर, हरा मिर्च और धनिया पत्ती शामिल हैं। इन सभी सबज़ियों के दाम अभी ऊंचे चल रहे हैं। ये कीमतें तब तक ऊंची बनी रहेंगी जब तक कि अक्टूबर-नवंबर में स्थानीय सब्जियों की भरपूर आवक शुरू नहीं हो जाती।

## कलेक्टर ने जिला कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने सोमवार को पूर्वान्ह संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर के भूतल एवं प्रथम तल में स्थित कार्यालयों, सहायक आयुक्त कार्यालय, खाद्य शाखा, खनिज, रेशम, सांख्यिकी, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, आबकारी, शिक्षा, निर्वाचन, समग्र शिक्षा, श्रम विभाग, व्यापार एवं उद्योग, समाज कल्याण, स्थापना, नाजिर शाखा, जनसंपर्क, खेल, निर्वाचन, राजस्व, आवक-जावक, जिला कोषालय, भू-अभिलेख शाखा सहित परिसर में संचालित अन्य कार्यालयों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालयों में जाकर अधिकारी - कर्मचारियों ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### जांच में सामने आई बड़ी गड़बड़ी, 37 क्विंटल से अधिक चावल कम पाया

**बसना।** ग्राम सिरको में राशन वितरण में भारी अनियमितता को लेकर 4 जुलाई को प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला। शनिवार 5 जुलाई को खाद्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर दिव्यांशु देवांगन ने गांव का दौरा कर राशन दुकान का भौतिक सत्यापन किया। मौके पर ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच की गई, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वेरिफिकेशन के नाम पर गांव में बालू को तौलकर करीब 300 कार्डधारकों का सत्यापन किया गया था, जो नियम विरुद्ध है। साथ ही सत्यापन के समय ग्रामवासियों ने यह भी स्वीकार किया कि अधिकतर लाभार्थियों को प्रतिमाह 2 से 3 किलो तक चावल कम मिला है। फूड इंस्पेक्टर द्वारा तैयार पंचनामा में यह स्पष्ट हुआ कि दुकान में 37 क्विंटल 67 किलोग्राम चावल का शॉर्टेज पाया गया है। इसके अलावा राशन दुकान में शासकीय दिशा-निर्देशों की कोई जानकारी दीवार पर लिखी नहीं पाई गई, जो नियमानुसार अनिवार्य है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पिछले एक माह का चना आज तक वितरित नहीं किया गया है। अधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बकाया पेंडिंग है, अगले महीने मिलेगा', परंतु ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला 6 महीने से लंबित है। गौरतलब है कि सिरको एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां इस प्रकार की राशन वितरण में गड़बड़ी गंभीर चिंता का विषय है। लगातार शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। अब देखने वाली बात यह होगी कि जांच के बाद दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है, और ग्रामीणों को उनका पूरा हक कब तक मिलेगा।

### इस बार सावन में चार सोमवार, बन रहे विशेष योग

**महासमुंद।** शहर के शिव मंदिर समेत क्षेत्र के प्रसिद्ध बम्हनेश्वरनाथ महादेव, सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव एवं कनेकेरा स्थित कनकेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सावन महोत्सव को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। प्रत्येक सावन सोमवार को विशेष योग बन रहे है। मान्यतानुसार इन शुभ संयोगों में भगवान आशुतोष की पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं को अभीष्ट फल की प्राप्ति होगी। 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू हो रहा है। इस सावन महीने में 4 सोमवार पड़ रहे हैं। पहला सोमवार 14 जुलाई को पड़ रहा है। इस दिन गजकेसरी योग और संकष्टी चतुर्थी है। दूसरे सोमवार 21 जुलाई को सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और बुधादित्य योग में बन रहा है।

**बारिश : अंचल में दो दिनों से हो रही बारिश, खेत खलिहान लबालब, गिरे पेड़**

# लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, राजिम महासमुंद मार्ग पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

अंचल में दो दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के चलते खेत खलिहान लबालब हो गए हैं। वहीं पर कुछ स्थानों पर पेड़ गिरने से हादसा होते -होते बचा वहीं पर सड़क मे पेड़ गिरने से यातायात बाधित हुई। 6 व 7 जुलाई को सुबह से हो रही लगातार बारिश के चलते स्कूलों मे बच्चो की दर्ज संख्या में कमी आई। वहीं पर शासकीय कार्यालयों में अन्य दिनों की अपेक्षा लोग नजर नहीं आए। बारिश के चलते नगर के गली मोहल्लों के सड़कों में बारिश का पानी बहता रहा। वहीं पर नालिया भी उफान पर रही।

**पेड़ गिरने से रास्ता जाम हुआ-** फिंगेश्वर थाने के कुछ कदम पहले सड़क के किनारे लगे बड़ा सा बबूल का पेड़ गिर जाने से राजिम महासमुंद मार्ग लगभग 1 घंटे बाधित रहा। सड़क पर पड़े इस पेड़ को फिंगेश्वर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए जेसीबी को बुलाकर सड़क से हटाया तब जाकर बड़ी गाड़िया इस मार्ग से निकल पाई।

**यात्री बसों में सवारी कम रही-** बारिश का क्रम दिन भर कम ज्यादा बना रहा जिसके चलते रोजी के काम मे जाने वाले श्रमिकों को घर मे रहना पड़ा।खासकर भवन निर्माण के काम बंद रहा।इसी प्रकार बसों मे सफर करने वाले यात्रियों ने भी आज के दिन सफर करना उचित नहीं समझा जिसके चलते बसों मे सवारी की संख्या कम रही।आव"यक काम वाले ही अपने कार्यो मे जाते देखे गये। बारिश के चलते नदी नालों मे जलस्त्रोतो मे वृद्धि हुई है जिसके चलते पानी रफतार से बहने लगे हैं।नगर के कई हिस्सों मे जल जमाव की स्थिति निर्मित हुई जिसके शासकीय कालेज मैदान हर बार के भांति इस बार भी बड़ा सा तालाब नजर आने लगा है।नगर पंचायत के द्वारा बारिश पूर्व ही नालियों की सफाई कर ली गई थी जिसके चलते बारिश का पानी सुगमता से नालियों मे बहा वहीं पर जहां नालियां ही नहीं है ऐसे स्थानो पर बारिश का पानी मैदानी हिस्से मे जाम रहा।

**खेत खलिहान हुए लबालब-** खेत खलिहानों की बात करे तो किसानों ने बताया कि अधिक बारिश से खेतों मे निकले पौधों को नुकसान पहुंचा सकता है।बारिश का पानी खेतो मे न रूके इसलिए खेत के मुंह को खोल दिया गया है।धान के निकले पौधे अभी हो रही बारिश मे हिलोरे ले रही है। वही पर 20 प्रतिशत खेतों मे अभी तक बुआई कार्य नही हुआ है। बारिश को लेकर स्वास्थ विभाग ने लोगो का सलाह दी है कि बारिश के पानी सभी जलस्त्रोतो के लेबल मे वृद्धि कर रही है।इसलिए जलस्त्रोतो मे ब्लीचिंग पाउडर का इस्तेमाल करे या फिर कुंओं के लिए लाल पोटास का उपयोग करे।दूशित पानी से डायरिया जैसे गंभीर रोग होने का खतरा बना रहता है।पानी उबाल कर सेवन करे तो सबसे उत्तम है।संक्रमक रोगो की बढ़ती हुई भागीदारी के लिए सीधे अस्पताल पहुंचे।

**सांप बिच्छु का डर-** बारिश के मौसम मे अधिकतर सांप बिच्छु के घरों मे प्रवेश होने का क्रम बना रहता है। इस डर को दूर भगाने घरों के दरवाजों मे मिट्टी तेल सहित कीटनाशक दवा का छिड़काव करे।घर के मुख्यगेट के चौखट और दरवाजों के बीच गेप होने पर उस गेप को कपड़ो से भरकर रखे। मच्छरदानी का प्रयोग करें। वहीं पर सर्पदंश की घटना होने पर बैगा गुनिया न करके सीधे पीड़ित को अस्पताल लेकर जाए। दूसरी सबसे बड़ी व प्रमुख बात यह कि आप के घर में एक मजबूत डंडा होना चाहिए। इस प्रकार की सावधानी बरत कर आप अपना और अपने परिवार की सुरक्षा कर सकते हैं।





### तीन दिन से झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त





गरियाबंद। जिले में शनिवार रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश सोमवार तक लगातार जारी रही। लगातार बारिश से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। बारिश के चलते कई निचले इलाकों के घरों में पानी घुस गया है। लोगों को घरेलू सामान बचाने में मुश्किलें हो रही हैं। वहीं, जिले की नदियों और नालों में उफान आ गया है, जिससे कई गांवों का संपर्क मार्ग बाधित हो गया है। खेत-खलिहान लबालब भर गए हैं, जिससे धान की बुवाई कर चुके किसानों को फसल खराब होने का डर सता रहा है। वहीं बारिश के बावजूद स्कूली बच्चों का स्कूल जाना जारी है। बच्चे भीगते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं, जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन की ओर से बारिश से प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है और अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की गई है।

# नगर किसान समिति ने धरसा निर्माण के लिए नपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

रविवार को बालाजी मंदिर प्रांगण फिंगेश्वर में आयोजित किसान समिति की बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी को धरसा निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन फिंगेश्वर, लालपुर, दर्रीपार और गदहीडीह क्षेत्रों में किसानों की सुविधा के लिए धरसा मार्गों के निर्माण की मांग को लेकर था।

**नगर पंचायत की उदासीनता पर सवाल-** किसान समिति ने ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2007-08 में रोजगार गारंटी योजना के तहत तत्कालीन सरपंच दूजलाल बंजारे द्वारा सेन्दर धरसा (फिंगेश्वर), लालपुर में शीतला तालाब वाला धरसा, दर्रीपार में खल्लारी माता वाला धरसा और ग्राम गदही डीह में रोड से नदी पहुंच मार्ग वाला धरसा का निर्माण कराया गया था। हालांकि, वर्ष 2007-08 के बाद से अब तक नगर पंचायत द्वारा इन मार्गों पर कोई काम नहीं किया गया है, जो उनकी घोर उदासीनता को दर्शाता है। विशेष रूप से, सेन्दर धरसा के हालात खेती-किसानी के दिनों में और बरसात में बेहद खराब हो जाते हैं, जिससे किसानों को कृषि कार्य करने में भारी परेशानी होती है। उन्हें हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है, और कई बार दुर्घटनाएं घटित भी हो चुकी हैं। इस समस्या से नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है।ज्ञापन सौंपने वालों में किसान दूजलाल बंजारे (प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष व अध्यक्ष किसान समिति, नगर पंचायत फिंगेश्वर), संतू राम साहू (उपाध्यक्ष), मनीराम खुटे, आशा राम धृतलहरे, संतराम महिलाँग, मंगल मांडले, महेश बंजारे, जोहनू, कामता प्रसाद कश्यप, बिष्णु राम, सालिक राम धुरव, ठाकुर राम धुरव, अमरु निषाद सहित अन्य किसान उपस्थित थे।



**इन धरसा मार्गों के निर्माण की मांग**

1. फिंगेश्वर से सेन्दर रास्ता धरसा
2. काना भैरा से पंडरी पानी रास्ता वाला धरसा
3. कृषि उपज मंडी से घठोली तालाब वाला रास्ता
4. लालपुर में शीतला तालाब से नदी जाने वाले धरसा
5. शीत बाबा वाला धरसा
6. दर्रीपार में खल्लारी माता वाला रास्ता
7. गदही डीह में सड़क से नदी जाने वाले रास्ता
8. मौलिपारा (डीपरापारा) के बोकरा तालाब ठाकुर देवता पहुंच मार्ग वाला धरसा

### जानवरों के शिकार के लिए बिछाए करंट तार में फंसकर अधेड़ की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम लंबर के पास जंगल में जानवरों को पकड़ने के लिए बिछाए गए बिजली तार के संपर्क में करंट से एक व्यक्ति की मौत हो ग ई। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

जानकारी अनुसार ग्राम डोंगरीपाली निवासी चैतन सिंह (47) का दो दिन पूर्व स्वास्थ्य खराब था। उन्हें सोहन सिंह ईलाज के लिए विगत 8 जून की शाम लंबर ले जा रहा था। इस बीच लंबर के पहले पूर्व सरपंच निर्मल जाटवर की ब्रिक्स फैक्ट्री के पास पैसा मांगने के लिए उतरा, तभी चैतन वहीं से जंगल की ओर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। आसपास पता तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला दूसरे दिन 9 जून को परिजन व गांव के लोगों ने लंबर के पास धनराज जंगल में पुनः उसकी तलाश की, जहाँ मृतक का शव छाती के बल पर पड़ा मिला। मृतक के दाहिना पैर के टखना के पास और बायें पैर के घुटना के नीचे की हड्डी जली हुई पाई गई। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जंगल में जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाए गए करंट युक्त तार की चपेट में आने से चैतन सिंह की मृत्यु हुई होगी। बताया जाता है कि चैतन मानसिक रूप से भी अस्वस्थ था। वहीं पीएम रिपोर्ट में भी डाक्टरों ने उनकी मृत्यु करंट से होना लेख किया है।

# एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत स्काउट गाइड संघ द्वारा प्रदेशव्यापी पौधरोपण अभियान के अंतर्गत महासमुंद जिले के स्काउट गाइड जिला प्रशिक्षण परिसर (डीईओ कार्यालय) में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम की भावना के साथ सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्काउट गाइड के सदस्यों ने बेल, नीम, कदंब के पौधे लगाए।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भारत स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, कलेक्टर विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, राकेश चंद्राकर, आनंद साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, पूर्व डीईओ एस. चंद्रसेन सहित स्काउट गाइड स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि पौधरोपण से न केवल पर्यावरण की सुरक्षा होती है, बल्कि यह हमारी अगली पीढ़ी को एक स्वच्छ और हरित वातावरण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री जी का यह बहुत बड़ा अभियान है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। हमें इसे जन आंदोलन का रूप देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है, हमें पेड़ को संरक्षित करना और उसका पालन-पोषण भी करना चाहिए। जब पेड़ सुरक्षित रहेंगे तभी हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के पर्यावरण संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए सभी को अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं उन्हें संरक्षित रखने का आह्वान किया। कलेक्टर विनय लंगेह ने भी वृक्षों के महत्व पर विचार रखते हुए कहा कि हमें विकास के साथ पर्यावरण की भी चिंता करनी चाहिए। अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी स्वयं लेनी होगी। साथ ही जल संरक्षण के लिए रेन वाटर रिचार्जिंग और घरों में सोखता गड्ढा बनाना आवश्यक है। पानी बचाकर ही हम आने वाले समय को सुरक्षित रख सकते हैं।

# समितियों में उठाव होने से बचे धान को बारिश से बचाने की चुनौती



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शत प्रतिशत धान का उठाव नहीं हो पाने के कारण बीते साल खरीफ सीजन का 9 हजार क्विंटल धान अब भी समितियों और धान फड़ों में पड़ा है। एक तरफ समितियां सूखत के चलते हुए नुकसान से चिंतित है वहीं जहां धान शेष है उनक समितियों के सामने इस बचत धान को बारिश से बचाने की भी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर 182 उपार्जन केंद्रों से 110 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। मिली जानकारी के अनुसार अभी भी जिले में 9521.88 क्विंटल उठाव शेष है। इधर, उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव में देरी से सूखत के चलते शार्टेज होने पर समितियां नुकसान होने की बात कह रही हैं। खरीदी केंद्रों में लेखा मिलान को लेकर निर्देश जारी किए गए थे। फिर भी अधिकारियों ने ज्यादा रुचि नहीं ली। इस मामले में कलेक्टर ने जिला विपणन अधिकारी और जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी को नोटिस जारी किया है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अब तक 36 उपार्जन केंद्रों का ही लेखा मिलान हुआ है। सहकारी समिति संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सहकारी समितियों में आई सूखत की क्षतिपूर्ति का भुगतान शासन की ओर से किया जाना चाहिए। परिवहन विलंब के चलते सहकारी समितियों में शार्टेज की मात्रा बढ़ी है। इधर, उठाव नही होने वाली समितियों में बारिश से धान को सुरक्षित रखने की भी नही जिम्मेदारी सामने हैं।

डीएमओ टिकेंद्र राठौर ने बताया कि लेखा मिलान का कार्य किया जा रहा है। धान के उठाव के संबंध में नोडल अधिकारी बताएंगे। जिला सहकारी बैंक नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि इस पर आगे कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर की जाएगी।

## पेज 11 के शेष...

### मूसलाधार बारिश...

घर से पानी निकालने की कोशिश की, लेकिन पानी का बहाव इतना तेज था कि हर कोशिश विफल हो गई। दीनाराम ने बताया कि वे इससे पहले पंचायत और कलेक्टर से कई बार नाले को बनवाने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जनप्रतिनिधि भी चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन अब चुप्पी साधे बैठे हैं।

**अधिकारियों के आश्वासन और भविष्य की चिंता-**जनपद पंचायत फिंगेश्वर सीईओ स्वप्निल ध्रुव ने कहा है कि जल्द से जल्द वैकल्पिक सुविधा की जाएगी और आगे बात की जाएगी। उन्होंने पंचायत को निर्देश दिया कि इन पीड़ित परिवारों को बारिश रुकने तक एक सुरक्षित जगह पर ले जाया जाए। नाले में तेज बहाव के चलते सोमवार को स्कूली बच्चे स्कूल नहीं जा सके, और जिन बच्चों के घरों में पानी भरा था, वे पढ़ाई के बजाय घर का पानी निकालने में लगे हुए थे। ऐसे में बच्चों के भविष्य का जिम्मेदार कौन होगा, यह एक बड़ा सवाल है। कुछ महीने पहले इसी स्थान को लेकर ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया था और उग्र आंदोलन कर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याओं को रखा था। तब उन्हें कलेक्टर कार्यालय से आश्वासन दिया गया था कि चुनाव के बाद इस जगह को जल्द से जल्द बनाया जाएगा। हालांकि, चुनाव हो चुके हैं, जनप्रतिनिधि पदभार संभाल चुके हैं, लेकिन मोहल्लेवासियों की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। ग्रामीण पूछ रहे हैं कि क्या उन्हें आश्वासन के सिवाय और कुछ नहीं मिल सकता, क्योंकि आश्वासन के बाद अधिकारी, कर्मचारी, सरपंच, जनपद, सचिव और पंच झांकने तक नहीं पहुंचते। क्या इन ग्रामीणों की समस्या का निदान होगा या नहीं, यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उनकी समस्या का हल जल्द से जल्द नहीं होता है, तो वे आगे उग्र आंदोलन करने की भी बात कह रहे हैं। अब देखना होगा कि इस खबर के बाद प्रशासन क्या एक्शन लेता है और क्या उनकी समस्याओं को दूर करता है।

### झमाझम बारिश से...

की ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **5 करोड़ रुपए का पुल निर्माण कार्य धीमी गति से जारी-** आजादी के बाद से आदिवासी ग्रामीण पुल पुलिया निर्माण की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे थे ग्रामीणों के मांगो को शासन प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए पैरी नदी में पुल निर्माण के लिए करोड़ो रूपये की राशि स्वीकृत किया और निर्माण कार्य भी प्रारंभ हुआ लेकिन संबंधित विभाग के अफसरो और कार्य एजेंसी के धीमीगति के कारण बारिश से पहले नदी में पुल का निर्माण नही हो पाया और आने वाले दिनो में लगातार बारिश होने पर इसका खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों और स्कूली बच्चो को भुगतना पड़ेगा जान जोखिम में डालकर फिर बच्चे स्कूल जाने मजबूर होंगे। मामला गरियाबंद जिले के तहतसील मैनपुर से महज 05 किमी दूर ग्राम देहारगुड़ा खामभाठा मार्ग का है इस मार्ग में पैरीनदी में पुल निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है इसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव से करने पर विधायक जनक ध्रुव ने पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया लेकिन वहां कुछ मजदूर ही काम करते दिखाई दिये जिम्मेदार विभाग के अफसर और निर्माण एजेंसी के जिम्मेदार लोग भी नदारत रहे और तो और निर्माण स्थल पर कार्य संबंधी कोई सूचना पटल नही लगा है जिस पर विधायक जनक ध्रुव ने नराजगी जाहिर करते हुए कहा ग्रामीण क्षेत्रे में निर्माण कार्य को देखने वाला कोई नही है ठेकेदार मनमर्जी काम कर रहे है जिसके कारण समय पर कार्य पूरा नही होने से ग्रामीणों को लाभ नही मिल पा रहा है। विधायक ने कहा मामले की शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से किया जायेगा। **निर्माण स्थल पर नहीं लगा सूचना पटल, विभाग और एजेंसी पर सवाल-** तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 05 किमी दूर ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के आश्रित ग्राम खामभाठा मार्ग में पैरी नदी में पुल निर्माण नही होने से जहां इस क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चे स्कूल पढ़ाई करने जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचते हैं। खासकर बारिश के दिनों में पालक व ग्रामीणों द्वारा बच्चों को ट्यूब में बिठाकर और कंधे में बिठाकर नदी पार कर स्कूल पहुंचाया जाता था यहां पुल निर्माण कार्य पिछले दो वर्षो से चल रहा है। अब तक निर्माण स्थल पर विभाग और कार्य एजेंसी द्वारा सूचना पटल नहीं लगाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार लोक निर्माण सेतू संभाग द्वारा लगभग 5 करोड़ से भी अधिक की लागत से इस पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ किये जाने की जानकारी मिली है। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक देवन नेताम, पवन दीवान, लोकेश सांडे व ग्रामीणों ने बताया खामभाठा में पुल निर्माण नही होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और आने वाले दिनो में लगातार बारिश होने पर फिर ग्रामीणों को परेशानियो का सामना करना पड़ेगा।

### आवारा पशु फसलों...

और आहार पानी की व्यवस्था मिलती थी। साथ ही गौ सेवा के साथ महिला स्व सहायता समूहों को भी रोजगार मिलता था। लेकिन भाजपा सरकार ने इस गौठानों को बंद करने जैसा रवैया अपनाते हुए उन्हें उपेक्षा और बदहाली में छोड़ दिया। आज स्थिति यह है कि सड़कों पर गौमाताए दुर्घटनाओं का शिकार हो रही है। किसान आवारा पशुओं से परेशान हैं, उनकी फसलें बर्बाद हो रही है। गौठानो में लगे सामान खराब हो रहें हैं। उन लोगों ने आगे कहा कि गोठानो के माध्यम से पशुधन की सुरक्षा, महिलाओं को रोजगार, गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खेती को बढ़ावा, पर्यावरण संरक्षण, ग्राम स्तर पर स्वच्छता जैसे अनेक लाभ प्राप्त हो रहा था। किसानों ने शासन प्रशासन से गोठानो को पुनः संचालित कर आवारा मवेशियों को रखने की व्यवस्था करने की मांग किया है।

### श्री राधाकृष्ण मंदिर...

सहभागी होंगे। यह आयोजन हर साल यहां होता है जिसकी भव्यता देखते ही बनती है। श्री राधाकृष्ण मंदिर से महानदी की धार तक शिवभक्त श्रृंखलाबद्ध खड़े रहकर एक हाथों से दूसरे हाथों में सरकाते हुए मंदिर तक बाल्टी से जल पहुंचाते है इसी पवित्र जल से महादेव का सहस्त्रजलधाराभिषेक कार्यक्रम पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच होता है।

### कलेक्टर ने जिला...

की उपस्थिति, रिकॉर्ड संधारण एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर उइके कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने सभी कार्यालयों में निर्धारित समय पर पहुंचकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। साथ ही कार्यालय परिसर को स्वच्छ रखने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के दौरान कुछ अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिलने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अरविंद पाण्डेय, श्री नवीन भगत, श्री पंकज डाहिरे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके सारस्वत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



### बाजार में छोटे-छोटे बच्चों के साथ पहुंचते है ग्रामीण

**मैनपुर।** मैनपुर तहसील मुख्यालय में प्रत्येक सोमवार को सप्ताहिक बाजार लगता है यह पूरे जिले का सबसे बड़ा सप्ताहिक बाजार कहलाता है। इस सप्ताहिक बाजार की खासियत यह है कि इसमें 40 - 50 किमी चारो तरफ से लोग विभिन्न साधनो के माध्यम से सुबह से पहुंचते है और यह कोई त्यौहार से कम नही रहता सप्ताहिक बाजार के दिन ग्रामीण क्षेत्र से छोटे- छोटे बच्चो को लेकर पहुंचे ग्रामीण सप्ताह भर के लिए राशन सब्जी एवं कपड़ा और इन दिनो पुस्तक, कापी, गणवेश की खरीदी कर रहे है सप्ताहिक बाजार में पहुंचे एक परिवार अपने छोटे-छोटे बच्चो के साथ बारिश के बीच छतरी के नीचे खरीदारी करते दिखाई दे रहे हैं।

### गौठान योजना बंद होने से गौमाताएं दुर्घटना का शिकार : गेंदु यादव

**मैनपुर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि गौठानों की उपेक्षा ने उजागर की भाजपा सरकार की नाकामी 19 माह में ही उजागर कर दी है छत्तीसगढ़ में भाजपा को सत्ता संभाले 19 माह बीत चुके हैं, लेकिन इन 19 महीनों में प्रदेश ने विकास की दिशा में प्रगति से अधिक गिरावट का अनुभव किया है, भूपेश बघेल सरकार द्वारा शुरू की गई नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा गौठान योजना, जिसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुधन संरक्षण का आधार स्तंभ कहा गया था, आज भाजपा सरकार की बेरुखी के कारण बर्बादी के कगार पर है। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय हर पंचायत में एक गौठान का निर्माण किया गया था, जहाँ मवेशियों की सुरक्षा, देखभाल, और आहार–पानी की व्यवस्था मिलती थी सरकारी जमीन चिन्हांकित कर संरक्षित स्थान बनाए गए थे, जहाँ गौ सेवा के साथ महिला स्व–सहायता समूहों को भी रोजगार मिलता था, लेकिन भाजपा सरकार ने इन गौठानों को बंद करने जैसा रवैया अपनाते हुए उन्हें उपेक्षा और बदहाली में छोड़ दिया आज स्थिति यह है कि सड़कों पर गौमाताएँ दुर्घटना के शिकार हो रही हैं किसान आवारा पशुओं से परेशान हैं, उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं कई लोगों की जानें सड़क दुर्घटनाओं में जा चुकी हैं गौठानों में लगे सामान सड़ रहे हैं, और स्थान बंजर भूमि में तब्दील हो रहे हैं उन्होंने कहा कि यह सरकार पिछले सरकार द्वारा बनाई गई जनहित व विकासशील योजनाओं को बंद कर प्रदेश को बदहाली की कगार पर खड़ा कर दिया है भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गयी अधिक योजनाएं कोरी साबित हो रही है।



## खेती- किसानी : पिछड़ गए खेती के काम में अब आएगी तेजी, रोपा और मताई जुटे किसान

# दो दिनों की झमाझम बारिश से खेत लबालब किसानों के माथे से हटी चिंता की लकीरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बहुत तरसाने के बाद पिछले दो दिनों से राजिम क्षेत्र में झमाझम बारिश हो रही है। रविवार और सोमवार को हुई अच्छी बारिश से किसानों के माथे की चिंता हट गई है। बारिश के पानी से खेत-खलिहान और नदी-नाले लबालब हो गए है। किसान अब पानी थमने का इंतजार करने लगे है। बाहरानुमा खेतों में जलभराव की स्थिति है जबकि क्षेत्र के कुछेक गांव में रोपा का काम शुरू हो गया है। किसान, मजदूरों को बरसते पानी के बीच खेतों में रोपा लगाते हुए भी देखा गया तो कहीं-कहीं मताई का काम भी ट्रेक्टर से चल रहा है। इसके बाद बोआई के काम में तेजी आ जाएगी। मुड़तराई के किसान प्रकाश वर्मा, जेंजरा के किसान महेश साहू, भैंसातरा के किसान हरख साहू ने बताया कि ये बारिश किसानी कार्य के लिए उपयुक्त माना जा रहा है। पिछड़ गए खेती के काम में अब तेजी आएगी। बताया कि एक लंबे समय तक क्षेत्र के किसान रोपा लगाने में रूचि लेते रहे लेकिन रोपा लगाने वाले ठेकेदार और मजदूरों के बढ़े रेट ने एक बार फिर से किसानों को खुर्रीबोनी और लाईचोपी पद्धति की ओर रिटर्न कर दिया है। बहरहाल रविवार और सोमवार को क्षेत्र के बहुत बड़े रकबे में खेती का काम बारिश के चलते ब्रेक करना पड़ा है। पिछले महीने भर से चिंतित किसान इस बारिश से बेहद खुश हैं क्योंकि बारिश नही होने से किसानों में किंचित निराशा की भावना घर कर आ गई थी। वहीं पानी के अभाव में खेतों में दबे बीज धीरे-धीरे सड़ने लगे थे। रवि-सोम को हुई बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हुई।सोमवार को पूरा दिन आकाश पे बादल छाया रहा और दिन भर रिमझिम बारिश होती रही। इस बारिश से किसानों ने राहत की सांस लिया हैं। राजिम के किसानों में बारिश के अभाव में माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट रूप से उभर आई थी क्योंकि पानी की सख्त जरूरत महसूस की जाने लगी थी।इस बारिश के बाद बीज को अंकुरित होने में काफी मदद मिलेगी। एक ही बारिश में राजिम शहर तरबतर हो गया है। सड़कों में पानी तालाब की तरह भर गया। लोगों को आवाजाही में परेशानी होने लगी। शहर के गरियाबंद रोड बस स्टैण्ड, मस्जिद और श्रीराम चौक के पास सड़कों के ऊपर से पानी बहने लगा।



**दो दिनों से सड़के सूनी, बाजार वीरान**

दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते सड़के एक तरह से सूनी रही और बाजार वीरान रहा। यात्री गाड़ियों में सवारी के टोटे पड़ गए। मालवाहक वाहने, रिक्शे, ठेलों के पहिए थम गए। बाईक सवार न के बराबर दिखे। मजदूर वर्ग के लोग घर में कैद होकर रह गए। सड़कों के किनारे सजी फल दुकानों में एक भी ग्राहक नजर नही आए।



## दो दिन की बारिश से राजिम बेहाल, अध्यक्ष दल-बल के साथ व्यवस्था दुरुस्त करने निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

लगातार हो रही बारिश के बीच नगर में जलभराव और सड़क मार्ग पर गिरे पेड़ों की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव एक्शन मोड में नजर आए। उनके साथ नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश सिंह राजपूत, भारत यादव, कुलेश्वर साहू, बलराम यादव , सुरेश पटेल , टंकु सोनकर,उत्तम निषाद, पार्षदगण और नगर पंचायत टीम ने नगर का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। जानकारी के मुताबिक शिवाजी चौक में भारी जलभराव की स्थिति बनी हुई थी, वही आमापारा नाले की सफाई कार्य तत्काल प्रारंभ कराई गई। नगर के मुख्य मार्ग, विशेष रूप से गरियाबंद रोड पर दो स्थानों पर गिरे पेड़ों को हटाया गया। इस दौरान नगर पंचायत का पूरा अमला जिसमें सीएमओ मनीष गायकवाड़, इंजीनियर नीतीश भंवर, लोक निर्माण प्रभारी दीपक वर्मा, दीपक कहार सहित सफाई कर्मचारी जेसीबी के साथ मौजूद थे। बताया कि श्रावण मास में यात्रियों की सुविधा हेतु नगर पंचायत राजिम स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखेगा ताकि शिवभक्तो को व्यवस्थित राजिम नगर की अनुभूति हो ताकि उनकी धार्मिक यात्रा निर्विघ्न और सुखद हो सके। नगरवासियों ने त्वरित कार्यवाही को लेकर नगर पंचायत टीम की सराहना की है।





**हिन्दू धर्म और संगठन के उद्देश्यों पर चर्चा**

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक में नए दायित्वों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/छुरा

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) बजरंग दल की एक महत्वपूर्ण बैठक सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित की गई, जिसमें सह-प्रांत मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख उत्तम वर्मा और गरियाबंद जिलाध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर उपस्थित रहे। बैठक में जिले के पांचों प्रखंडों और तीन नगरों से कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी प्रखंडों के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी दी और स्थानीय स्तर पर वर्तमान चुनौतियों पर अपने विचार रखे। जिला संयोजक मोहित साहू ने संगठन द्वारा आगामी आयोजित होने वाले नए कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। बैठक के प्रथम सत्र में मंदिर एवं अर्चक पुरोहित प्रमुख उत्तम वर्मा ने कहा कि मंदिर ही हमारे हिन्दू धर्म का केंद्र है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सप्ताह में एक दिन सत्संग आयोजित कर सज्जन शक्तियों को संगठित करें, जिससे हिंदू समाज की एकता और अखंडता बनी रहे। जिलाध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर ने संगठन की आचार व्यवस्था, विहिप की स्थापना और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में धर्मांतरण, लव जिहाद और गौ तस्करी को रोकने के संदर्भ में अपनी बात रखी, साथ ही जिले के प्रखंड स्तर की कार्यकारिणी में बदलाव किए।





**छुरा प्रखंड में नए दायित्वों की घोषणा-** जिला मंत्री निखिल यादव ने सर्वसम्मति से प्रखंड के नए दायित्वों की घोषणा की। छुरा प्रखंड से भोलाप्रसाद पाण्डेय को प्रखंड अध्यक्ष, पोषण सिन्हा को उपाध्यक्ष, बेदराम निर्मलकर को मंत्री, शुभम निषाद और कमल मानिकपुरी को सह मंत्री बनाया गया। बजरंग दल के संयोजक सारांश कंवर, सह संयोजक अनुज नायक, सत्संग प्रमुख रजत ध्रुव, सुरक्षा प्रमुख मुकेश यादव, गौ रक्षा प्रमुख पोखराज यादव और साप्ताहिक मिलन द्रौपत नेताम को जिम्मेदारी दी गई। छुरा नगर का संयोजक सुजल यादव को बनाया गया। बाकी दायित्व पहले जैसे ही रखे गए हैं और जिले के दायित्वों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। जिले में अभी दो उपाध्यक्ष हैं - देवभोग से सुभाष दौरा और राजिम से प्रीति पांडे। जिलाध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और अपने-अपने क्षेत्र में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## आत्मानंद स्कूल में मेधावी छात्रों को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



सोमवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में कक्षा 10वीं और 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसमें मुख्य अतिथि, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि परस देवांगन ने अपने संबोधन में बच्चों को और अधिक मेहनत करने तथा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे अपने माता-पिता, समाज, जिले और राज्य को गौरवान्वित कर सकें। विशिष्ट अतिथि विद्या भूषण द्विवेदी, फारूक चौधरी और रामेश्वर पटेल ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सम्मानित हो रहे छात्रों को शुभकामनाएं दीं और बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष ट्रिक्स और टिप्स साझा किए, जिससे बच्चे अधिक अंक प्राप्त कर सकें। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में कक्षा 10वीं से ऐश्वर्या साहू ने 93.66% के साथ प्रथम स्थान, दिव्या ने 92.33% के साथ द्वितीय और पारुल पांडे ने 90.83% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, कक्षा 12वीं में दीपिका साहू ने 87.8% के साथ प्रथम स्थान, प्रीति कढ़ारे ने 84% के साथ द्वितीय और टेमेश ध्रुव ने 81% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, कलम और डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केशर कुमार निर्मलकर ने विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली कु. ऐश्वर्या साहू को 2100 रुपए का नकद सम्मान राशि प्रदान किया। इस अवसर पर, सांसद प्रतिनिधि परस देवांगन ने वर्तमान में कक्षा 10 और 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए घोषणा की कि आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम में टॉप 10 में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को 11000 का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही, अल्पसंख्यक सदस्य फारूक चौधरी ने विद्यालय स्तर पर प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमश 2100 और 1100 की सम्मान राशि देने की घोषणा की। विद्यालय की होनहार छात्रा कु. ऐश्वर्या साहू ने विद्यालय के लिए स्मृति चिन्ह और सभी शिक्षकों को कलम व पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ व्याख्याता किशोर कुमार साहू ने आभार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष केशर कुमार निर्मलकर, सांसद प्रतिनिधि परस देवांगन, सदस्य फारूक चौधरी, विद्या भूषण द्विवेदी, रामेश्वर पटेल, संस्था प्राचार्य दीपक कुमार, किशोर कुमार साहू, नरगिस कुरैशी, अर्चना पचबीए, कल्पना पटेल, कोमल शर्मा, कमलेश असरानी, सुजाता राणा, देवमाया पाल, महिमा तिर्की, सिम्मी विल्सन, धर्मेंद्र मोर्टल, डॉ राकेश कुमार साहू, भेलेश्वरी कोमरा, अंजनी सोम, पुष्पा साहू, त्रिलोचना साहू, पुरुषोत्तम लाल, वागेश्वरी कुंजाम, किरण नंद, डागेश्वरी साहू, रोशनी साहू, योगेश्वरी रात्रें, पुष्पा साहू, दुर्गेश नंदनी, केवरा ध्रुव, लोकेश साहू, योगिता और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।


**100 फीट से गिरता कलकल पानी और धुंध, पर्यटकों को कर रहा मंत्रमुग्ध**

## मैनपुर का 'कालीपगार' जलप्रपात का सौंदर्य कर रहा आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इन दिनों लगातार हो रही बारिश से गरियाबंद जिले के घने जंगलों, नदी-नालों, झरनों और जलप्रपातों की खूबसूरती अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य का रूप ले चुकी है, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। ऐसा ही एक रमणीय स्थल है कालीपगार जलप्रपात, जिसके बारे में बहुत कम पर्यटक जानते हैं। यह जलप्रपात प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है और शांत वातावरण में शोरगुल से दूर मन को आनंदित करने वाला एक बेहद आकर्षक स्थल है।

हालांकि, यहां तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क और अन्य सुविधाएं नहीं हैं, इसलिए कुछ ही पर्यटक जान जोखिम में डालकर यहां तक पहुंच पाते हैं। चूंकि यह घना जंगल और वन्य प्राणियों से घिरा क्षेत्र है, इसलिए इस जलप्रपात को दूर से ही देखना बेहतर माना जाता है। इस जलप्रपात का नज़ारा और इसकी कलकल करती धाराएं लोगों को अपनी ओर खींच रही हैं।





**आमामोरा पहाड़ी का मनोरम दृश्य-** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बेहद दुर्गम और मनोरम आमामोरा ओड़ पहाड़ी, जो जमीन सतह से लगभग 2500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, इन दिनों कलकल करती अनेक वाटरफॉल की खूबसूरती से भरी है। यह खास तौर पर पर्यटकों और पर्यावरण प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। झमाझम बारिश के बीच पर्यटक जान जोखिम में डालकर खतरनाक रास्तों और कई नदी-नालों को पार करते हुए पैदल चलकर इस खूबसूरत नज़ारे को देखने पहुंच रहे हैं। मैनपुर से लगभग 40 किमी दूर आमामोरा की पहाड़ी में स्थित 'कालीपगार' वाटरफॉल के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं।

**कार्यालय जनपद पंचायत-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**
Fax No 07701-266201 Email:janpadchhura@gmail.com

क्रमांक/ 395/ज.प./ जलाशय लीज / 2025-26 **ईश्तहार** छुरा दिनांक 07/07/2025

जनपद पंचायत छुरा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के अधीनस्थ निम्नलिखित जलाशय / तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया जाना है जिनका विवरण इस प्रकार हैः-

| क्रमांक | ग्राम का नाम | जलाशय / तालाब का नाम | रकबा |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 1 | कुकदा कुटेन | सरगी पिकअप वियर जलाशय | 25.70 हेक्टेयर |
| 2 | नवापारा कोसमी | टेंगनाही डोंगरी जलाशय | 20.95 हेक्टेयर |
| 3 | अमेठी | आमानाला जलाशय | 23.50 हेक्टेयर |

**पट्टा आबंटन में प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार रहेगाः-** 01. पंजीकृत मछुआरा सहकारी समिति 02 मछुआ समूह 03 - मछुआ व्यक्ति 04 ऐसे क्षेत्र जहाँ 1965 या उनके पश्चात मकान भूमि यदि डूब में आये हो, विस्थापित परिवार 05 स्व सहायता समूह। मछुआ से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो अपनी आजीविका का अर्जन मछली पालन, मछली पकड़ने या मछली बीज उत्पादन आदि कार्य से करता है।
**आवेदन के साथ में संलग्न आवश्यक दस्तावेजों की सूचीः-**01. पंजीकृत सहकारी समिति - पंजीयन प्रमाण पत्र, बायलॉज, सदस्यों की सूची, बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, समिति का प्रस्ताव एवं ठहराव व विगत वर्षो की आडिट रिपोर्ट। 02. मछुआ समूह / एस. जी. एस. वाय. समूह आवेदन पत्र के साथ समूह का प्रस्ताव ठहराव, गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र, जाति निवास एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। 03. व्यक्तिगत हितग्राही मछुआ / अनु. जाति / अनु.जन. जाति / पि.वर्ग / सामान्य व्यक्ति अपने आवेदन पत्र के साथ गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र, जाति निवास एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।
उपरोक्त आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 22.07.2025 तक जनपद पंचायत छुरा में जमा कर पावती प्राप्त करें।
अपूर्ण आवेदन पत्रों पर जनपद पंचायत की बैठक में विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत, छुरा**

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

**क्रमांक/ना.तह./वाचक-2/2019**
**नवापारा दिनांक 07/07/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सन्तूराम साहू पिता नारद साहू निवासी ग्राम दुलना प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. नवापारा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पिता नारद साहू पिता गोवर्धन साहू का मृत्यु दिनांक 15/08/1990 ग्राम दुलना में हुआ है। जिसके संबंध में भूलवश पंचायत पंजी में दर्ज नहीं करा पाया। जिसके संबंध में आवेदक अपने पिता नारद साहू के मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 18/07/2025 को नियत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/ अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में आयें दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 07/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर **नायब तहसीलदार**
**नवापारा**

**खबर संक्षेप**

## डॉ. मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लें : मुकेश

**नवापारा-राजिम।** जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर जिला सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्री ढीढी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके राष्ट्रहित में दिए गए योगदानों को



स्मरण किया। मुकेश ने डॉ. मुखर्जी को प्रखर राष्ट्रवादी, सिद्धांतों के प्रति अडिग और भारतीय एकता के सच्चे सूत्रधार के रूप में याद करते हुए कहा कि वे केवल एक राजनीतिज्ञ नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे/" का उनका नारा आज भी राष्ट्रीय एकता का मजबूत आधार है। मुकेश ढीढी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन देश सेवा, आत्मबलिदान और विचारशील राष्ट्रनिर्माण का प्रतीक है। उन्होंने भारतीय जनमानस की आवाज को मुखरता से उठाया और जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्र के लिए नई राजनीतिक दिशा तय की। मुकेश ने कहा कि आज जब भारत आत्मनिर्भरता और एकता की ओर अग्रसर है, ऐसे समय में डॉ. मुखर्जी के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे डॉ. मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लें और देश के समग्र विकास में सहभागी बनें।

## होली फेथ स्कूल के बच्चों ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण



**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल के बच्चों ने अध्यक्ष महेंद्र जैन के मार्गदर्शन में वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। और वहां अपना काफी समय व्यतीत किया। बच्चों के लिए यह कार्यक्रम बुजुर्गों के प्रति संवेदना के भाव को लेकर था। छात्र-छात्राओं ने सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल कायम की। साथ ही भावनात्मक एवं प्रेरणादायी सेवा कार्य किया। बच्चे जब वृद्धाश्रम पहुंचे तो बुजुर्गों की आंखों में एक दर्द साफ दिखाई दे रहा था। बच्चों ने थोड़ी-थोड़ी राशि मिलाकर उनके लिए कुछ खाने की व्यवस्था एवं घर के साफ सुथरे कपड़े उन्हें प्रदान किया। इस स्नेहपूर्ण भेंट पाकर वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की आंखें नम हो गई। शिक्षिका वसुंधरा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजकल के कई बच्चे अपने ही माता-पिता या दादा-दादी को अकेला छोड़ देते हैं। जबकि, हमारे संस्कार हमें सिखाते हैं कि बुजुर्गों का सम्मान और देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सरवरी पींचा ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में सामाजिक मूल्य और नैतिकता की नींव मजबूत करती है। आश्रम प्रबंधक ने विद्यालय परिवार का विशेषकर जयेश और वसुंधरा का आभार व्यक्त किया।

## शराब बेच रही बुजुर्ग महिला के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की बिक्री कर रही बुजुर्ग महिला के खिलाफ तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिसने बताया कि सूचना मिली थी कि तुमगांव के अंबेडकर चौक के पास रोड किनारे एक महला ठगिया बाई यादव पति राजाराम यादव (61 वर्ष) अंबेडकर चौक तुमगांव के कब्जे से 18 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1800 रुपए एवं 2.8 नग पौवा देशी मसाला शराब कीमत 960 रुपए कुल कीमत 2760 रुपए और बिक्री रकम 300 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(1)(क)(ख) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

## बाहुड़ा यात्रा का किया स्वागत

**महासमुंद।** स्थानीय गंजपारा चौक में भगवान जगन्नाथ के बाहुड़ा यात्रा का स्वागत नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता शरद राव मराठा, महेंद्र सिक्का, राजू यादव ने किया। इस अवसर पर भाजपाइयों ने भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना की। भगवान नौ दिन उपरांत मंदिर में वापस लौट कर विराजित हुए।

### समस्या : सीट कटौती से छात्रों को परेशानी, स्कूल पहुंचने में आ रही दिक्कत

# छात्रावास में सीटें कम होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित, 1980 के नियमों में फंसा नया भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)।

गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड, जो एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, के ग्राम अकलवारा, खड़मा सहित जिले के विभिन्न गांवों में प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक-बालिका छात्रावास संचालित हैं। इन छात्रावासों में दूर-दराज के छात्र-छात्राएं रहकर पढ़ाई करते थे। इस साल छात्रावासों में सीटें कम कर दी गई हैं, जिससे दूर-दराज के बहुत से छात्र-छात्राओं को छात्रावास में दाखिला लेने के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कुछ छात्र-छात्राएं जो पहले रहकर पढ़ाई कर रहे थे, उन्हें भी छांटकर छात्रावास से निकाल दिया गया है। अब ये छात्र-छात्राएं या तो अपने दूर-दराज के गांवों से पढ़ने आ रहे हैं, या कुछ ने तो स्कूल से अपना टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) भी ले लिया है, क्योंकि वे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। छात्र-छात्राएं स्कूल की पढ़ाई और वहां के परीक्षा परिणाम को देखकर दाखिला लेते हैं और छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते हैं। अकलवारा स्कूल में पढ़ाई का स्तर बहुत अच्छा है और यहां का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहता है, इसलिए अधिकतर छात्र-छात्राएं यहीं पढ़ाई करना चाहते हैं। लेकिन छात्रावास में सीटें कम होने से उन्हें दूर-दराज से आने में परेशानी हो रही है और वे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं।




### छात्रों और पालकों की मांग

सर्वसुविधायुक्त छात्रावास में मात्र 20 सीटों पर एडमिशन लिए जाने से छात्र-छात्राएं और उनके पालक परेशान हैं। यहां की शिक्षा और सुविधा को देखते हुए छात्र-छात्राएं शासन-प्रशासन से तत्काल सीटों को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, पालक और ग्रामीण जिला कलेक्टर एवं क्षेत्रीय विधायक को सीटें बढ़ाने के लिए ज्ञापन सौंपेंगे।

### 1980 के नियमों में फंसा छात्रावास

आदिवासी छात्रावास आज भी 1980 के स्वीकृति आदेश के अनुसार चल रहे हैं, जिसके कारण छात्रों को छात्रावास की सुविधा के लिए भटकना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी शासन-प्रशासन को नहीं है। 50 सीट के सर्वसुविधायुक्त भवन बनने के बाद से ही सीटें बढ़ाने को लेकर उच्च कार्यालयों में ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। छुरा ब्लॉक के ग्राम अकलवारा, खड़मा, गायडबरी, पीपरछेड़ी, परसदा आदि में आदिवासी बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए 1980 के दशक में 20 सीटर आदिवासी छात्रावास का संचालन शुरू किया गया था। उस समय छात्रावास का संचालन खपरैल के मकान में होता था, जो समय के साथ जर्जर होने लगा। इससे छात्रों के साथ कोई अप्रिय घटना न घटे, यह चिंता पालकों को सताने लगी।वर्ष 2017 में छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का छुरा ब्लॉक के अकलवारा आना हुआ, और उनका उड़नखटोला उसी छात्रावास परिसर में उतरा। मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोगों में एक उम्मीद की किरण जगी। उसी दौरान क्षेत्र के आदिवासी समाज द्वारा ग्राम अकलवारा में संचालित 20 सीटर आदिवासी छात्रावास भवन की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से नई बिल्डिंग के साथ छात्रावास की क्षमता को 20 सीट से बढ़ाकर 50 सीटर करने का अनुरोध किया गया। अकलवारा में 2019 में ही नया भवन बनकर तैयार हो गया और 2020 में नए सत्र से नए भवन में छात्रावास का संचालन शुरू हुआ। हालांकि, आज भी केवल 20 सीटों पर ही प्रवेश दिया जा रहा है, जबकि भवन 100 सीटों की क्षमता वाला है।

## कलेक्टर की तानाशाही के विरोध में गरियाबंद में गरजे कर्मचारी

**कहा- दोषी कलेक्टर पर कार्रवाई नहीं होने तक जारी रहेगा आंदोलन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कबीरधाम जिले के कलेक्टर गोपाल राम द्वारा 10 मिनट की देरी से पहुंचे कर्मचारियों-अधिकारियों को जबरन उठक-बैठक कराए जाने के विरोध में पूरे प्रदेश के शासकीय अमले में उबाल है। इसी क्रम में गरियाबंद जिले के अधिकारी-कर्मचारी भी सड़क पर उतर आए। सोमवार को गरियाबंद ज़िला मुख्यालय में अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाज़ी की गई और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान "प्रशासनिक तानाशाही नहीं चलेगी", "कर्मचारी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान" जैसे नारों से कलेक्टोरेट परिसर गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह घटना केवल एक जिले की नहीं, बल्कि समूचे सरकारी अमले की गरिमा पर हमला है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे फेडरेशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक कलेक्टर गोपाल राम के विरुद्ध संतोषजनक और सख़्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। फेडरेशन नेताओं ने कहा कि यह मामला केवल एक अपमानजनक व्यवहार नहीं, बल्कि प्रशासनिक अमले की गरिमा और मनोबल से जुड़ा विषय है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक एम.आर. खान, महासचिव बसंत त्रिवेदी, लिपिक संघ अध्यक्ष बसंत मिश्रा, महिला लिपिक संघ अध्यक्ष दीपयंती तिवारी, अभियंता संघ से भगवन चंद्राकर, पंकज पाटिल, सुनील प्रधान, छूरा ब्लॉक अध्यक्ष सतीश साहू, संविदा कर्मचारी संघ अध्यक्ष चंद्रहास श्रीवास, लघुवेतन संघ अध्यक्ष बसंत वर्मा समेत लोकेश्वर साहू, सपना मिश्रा, प्रीति रामटेके, पुन्नी साहू, मिथलेश कृसानु, बेल सेन, सूरज बोरकर सहित सैकड़ों कर्मचारी-अधिकारी मौजूद रहे। फेडरेशन ने सरकार से मांग की है कि संबंधित कलेक्टर को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

## सढ़ौली में कलेक्टर ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले के सभी विकासखंडों के किसी एक स्थान पर ब्लाक प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। एक पेड़ मां के नाम के तहत आज गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम सढ़ौली में ब्लाक प्लान्टेशन किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति की सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के फलदार एवं इमारती पौधों का रोपण किया गया। कलेक्टर बीएस उइके ने उन्नत किस्म के आम का पौधरोपण किया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। ब्लाक प्लान्टेशन के तहत 7 एकड़ क्षेत्र में लगभग 2500 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इसी प्रकार अन्य विकासखण्डों में भी वृक्षारोपण किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि पौधे बड़े होकर कुपोषण से लड़ने में सहायक फलों का उत्पादन करेंगे। वृहद पौधा रोपण कार्यक्रम में कलेक्टर बीएस उइके ने लोगों को पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि अपने घरों में भी पौधा रोपण करें और ग्रामीणों से यह भी कहा कि ब्लाक प्लान्टेशन को सहजने की जवाबदारी ग्रामीणों की होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम ऋषा ठाकुर, डीपीओ अशोक पाण्डेय, उप संचालक समाज कल्याण डीपी ठाकुर, उप संचालक ओपी देशमुख, महाप्रबंधक उद्योग दीनबंधु ध्रुव, एलडीएम मो. मोफिज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी रश्मि गुप्ता एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

■ ब्लॉक प्लान्टेशन के तहत सढ़ौली में 25 सौ से अधिक पौधों का किया रोपण

## एसडीओपी ने छात्रों को दी कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज सोमवार को एक विशेष सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) विकास पाटले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गरियाबंद पुलिस द्वारा आयोजित इस पहल का उद्देश्य बच्चों को कानून, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था। एसडीओपी श्री पाटले ने छात्रें को वर्तमान समय में हो रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों, उनके समाधान और उनसे बचाव के तरीकों की जानकारी दी। बच्चों ने इस अवसर पर उत्साहपूर्वक भाग लिया और एसडीओपी से विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। बातचीत के दौरान बच्चों ने कानून व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़े कई सवाल भी पूछे, जिनका समाधान अधिकारी द्वारा सहजता से दिया गया। इस कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर गंगवाल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने छात्रें को 'समाधान ऐप' के बारे में विस्तार से बताया, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं और शिकायतों को सीधे प्रशासन तक पहुँचा सकते हैं। इस जानकारी ने छात्रें में डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति उत्सुकता बढ़ाई।

**बच्चों को जागरूक करना हमारा उद्देश्य-** एसडीओपी पुलिस विकास पाटले ने कहा की यह सोशल अवेयरनेस अभियान लगातार चलाया जाएगा, जिसके तहत क्षेत्र के हर स्कूल तक पहुंचा जाएगा। बच्चों को जागरूक करना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है, क्योंकि यही बच्चे देश और समाज का भविष्य हैं। एक बेहतर समाज की स्थापना इन्हीं के माध्यम से संभव है। इस जागरूकता अभियान की सभी ने सराहना की और उम्मीद जताई कि इस प्रकार की पहलें बच्चों में सही दिशा और सोच विकसित करने में मील का पत्थर साबित होंगी। इस मौके पर प्राचार्य माधुरी नागेश, प्रदीप सिन्हा, चन्द्रीका शंकर साहू एवं शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सालासर समिति ने किया डॉक्टरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्री सालासर सुंदरकांड हनुमान जनकल्याण समिति द्वारा शहर के डॉक्टरों का सम्मान किया गया। जिसमें वरिष्ठतम डॉ बलजीत सिंह, डॉ प्रकाश गुप्ता, डॉ वीरेंद्र हिरोंदिया, डॉ दिलीप शाह, डॉ टी एन रमेश, डॉ राजेंद्र गदिया, डॉक्टर के आर सिन्हा ,डॉ पुनीत गोस्वामी, डॉ सौरभ भांडगे, डॉ नितिन शेवानी, डॉ तेजेन्द्र साहू, डॉ राजेश्वर पटेल, डॉ प्रतीक शाह, डॉ उजाला शाह, डॉ उमेश भोई, डॉ रमेश सोनसायटी, डॉ मोहन सोनकर, डॉ लीलाराम साहू, डॉ जीवनजोत सिंह, डॉ अनुज जैन, डॉ युक्ति कोचर, डॉ अदिति बंगानी शामिल थे। संचालन संस्था के संस्थापक राजू काबरा ने किया। कार्यक्रम में धरम साहू, गुलाब साहू, मोहन पंजवानी, सुमित पंजवानी, रूपेंद्र चंद्राकर, संतोष अग्रवाल, भूपेंद्र साहू, संतोष साहू चैतन्य तारक, तारणी शर्मा, आरती काबरा, पिंकीं, मोहिनी, तुलसी, लक्ष्मी, मुस्कान, नेहा वासनी,छाया, चंचल,तनीसा, अजय आभा बंगानी, मयूर श्रुति काबरा मौजूद थे। बालाजी की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया। अतिथियों का सम्मान तिलक लगाकर, स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। इस अवसर पर डॉ राजेन्द्र गदिया, डॉ. वीरेंद्र हिरौंदिया, डॉ दिलीप शाह, डॉक्टर के आर सिन्हा ने कहा कि इस शहर के डॉक्टर बहुत ही निश्छल हृदय से सेवा करते हैं। इसके साथ ही शहर के नागरिक डॉक्टरो का बेहद सम्मान करते हैं।

## बालिकाओं व महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम




महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय कन्या उच्च माध्य शाला में बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा आज की सबसे बड़ी सामाजिक आवश्यकता है। जब तक बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकार प्राप्त नहीं होते, तब तक समाज का समग्र विकास अधूरा रहेगा। उन्होंने आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसे प्रयासों को बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल बताया और इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की सराहना किया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी, मुकुंद मेश्राम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और छात्राएं मौजूद थे।

### कांग्रेस ने साय सरकार को घेरा, खाद संकट, अपराध और शराब नीति पर उठाए सवाल

# बारिश में भी खड़गे की सभा में उमड़ा गरियाबंद कांग्रेसी हुजूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद गरियाबंद जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं हुआ। सोमवार को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किसान, जवान, संविधान जनसभा में शामिल होने के लिए जिले के नगर पंचायत कोपरा एवं विभिन्न गांवों बारूका, मालगांव, घुटकुनवापारा और हरदी से कार्यकर्ताओं का काफिला रवाना हुआ। भारी बारिश और खराब सड़क परिस्थितियों के बीच कार्यकर्ता गाड़ियों में सवार होकर रायपुर पहुंचे और सभा में शामिल हुए। नगर पंचायत कोपरा से कांग्रेस नेता गोरेलाल सिन्हा, रिकेश साहू, मोतीराम साहू और वेदप्रकाश साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। रायपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद वे सीधे साइंस कॉलेज मैदान पहुंचे जहां विशाल जनसभा को संबोधित किया।

**वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी, सरकार पर तीखा हमला-** सभा के मंच पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस सह-प्रभारी जरिता लैतफलांग, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रेम साय सिंह टेकाम सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस ने प्रदेश की साय सरकार को डीएपी और खाद की किल्लत, शराब की अवैध बिक्री और बढ़ते अपराध जैसे मुद्दों पर जमकर घेरा। खड़गे ने कहा कि भाजपा सरकार किसान और आम जनता के मुद्दों से ध्यान भटका रही है। उन्होंने संविधान, किसान और जवान के अधिकारों की सुरक्षा का संकल्प दोहराया।

